564. 'इण्डिया इको डेवलपमेन्ट कार्यक्रम' कौन से राष्ट्रीय उद्यान/वन्यजीव अभयारण्य में क्रियान्वित किया गया?

(a) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
(b) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान
(c) कुम्भलगढ़ वन्य जीव अभयारण्य
(d) सरिस्का वन्य जीव अभयारण्य

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) रणथंभौर बाघ परियोजना के अंतर्गत विश्व बैंक एवं वैश्विक पर्यावरण सुविधा की सहायता से 1996-97 से रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में इंडिया ईको डेवलपमेंट प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है।

565. राजस्थान में निम्नलिखित में से किस प्रकार की वनस्पति नहीं पायी जाती है-

(a) उष्णकटिबन्धीय सदाहरित
(b) उष्णकटिबन्धीय कंटीली
(c) उपोष्ण कटिबन्धीय सदाहरित
(d) शुष्क एवं अर्द्धशुष्क पर्णपाती

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (a) राजस्थान में उष्ण कटिबंधीय सदाहरित वन नही पाये जाते है। उपोष्ण कटिबंधीय सदाहरित वन का विस्तार राज्य में 0.39% भाग पर है। शुष्क उष्ण कटिबंधीय कंटीले वन का विस्तार 6.26% भाग पर है।

566. कथन (A) अरावली के पूर्वी ढालों पर पश्चिमी ढालों की अपेक्षा वनस्पति अधिक सघन तथा ऊँचाई तक विद्यमान है।
कथन (B) अरावली के पूर्वी ढाल अधिक मानसूनी वर्षा प्राप्त करते हैं तथा पश्चिमी ढालों की अपेक्षा तीक्ष्ण ढालयुक्त व उच्चतर है-

(a) A तथा R दोनों सही है किन्तु R,A की आंशिक व्याख्या करता है।
(b) A तथा R दोनों यही है तथा R, A की पूर्ण व्याख्या करता है।
(c) A गलत है किन्तु R सही है
(d) A सही है किन्तु R गलत है।

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (b) कथन A और R दोनों सही है तथा R, A की पूर्ण व्याख्या करता है।

567. राजस्थान में निम्नलिखित में से किन वन्यजीव पारिस्थितिकी स्थलों पर वर्तमान में जैव विविधता एवं जीनपूल संरक्षण का कार्य प्रगति पर है-

(a) बूँदी, तालछापर, फुलवारी की नाल, बन्धबरेठा
(b) नाहरगढ़, सज्जनगढ़, सरिस्का, माउण्ट आबू
(c) सीतामाता, कुम्भलगढ़, कैलादेवी, केवलादेव घना
(d) केवलादेव घना, जयसमंद झील, मुकन्दरा पहाड़ी, रणथम्भौर

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (b) राजस्थान के नाहरगढ़, सज्जनगढ़, सरिस्का तथा माउण्ट आबू वन्यजीव पारिस्थितिकी स्थलों पर वर्तमान में जैव विविधता एवं जीनपूल संरक्षण का कार्य प्रगति पर है। राजस्थान में जैव विविधता संरक्षण हेतु निम्नलिखित प्रयास किए गए हैं-संरक्षित क्षेत्रों का विकास, राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड का गठन तथा राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना की क्रियान्वयन।

568. निम्न में से कौन सा अभयारण्य राजस्थान के धौलपुर जिले में स्थित नहीं है?

(a) राम सागर (b) केसर बाग
(c) वन विहार (d) शेरगढ़

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (d)

अभ्यारण्य	जिला	वन्य प्राणी
वन विहार अभ्यारण्य	धौलपुर	शेर, सांभर, चीतल, चिंकार
रामसागर अभ्यारण्य	धौलपुर	चीतल, नीलगाय, मोर
केसरबाग अभ्यारण्य	धौलपुर	भेड़िया, लोमड़ी, जरख, बाघ, भालू
शेरगढ़ अभ्यारण्य	बारां	बघेरा, रीछ, जरख

569. प्रोजेक्ट बस्टर्ड के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है?

(a) यह घास के मैदान पारिस्थितिकी के संरक्षण से सम्बन्धित है।
(b) पर्यावरण विकास और पर्यावरण पर्यटन गतिविधियों में स्थानीय लोगों को शामिल करना
(c) इसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत लागू किया गया।
(d) इस प्रजाति की रक्षा के लिए प्रोजेक्ट ग्रेट इण्डियन बस्टर्ड को पर्यावरण मंत्रालय ने शुरू किया था।

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (d) : गंभीर रूप से लुप्तप्राय ग्रेट इंडियन बस्टर्ड अर्डियोटिस निग्रिसेप्स की शेष आबादी के संरक्षण के उद्देश्य से जिसे स्थानीय रूप से गोडावन कहा जाता है, एक महत्वाकांक्षी संरक्षण कार्यक्रम, प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, 5 जून 2013 को माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा शुरू किया गया है।

- प्रोजेक्ट बस्टर्ड को ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (राजस्थान का राज्य पक्षी) जैसी उपेक्षित प्रजातियों के संरक्षण के लिए एक नये युग की शुरुआत के रूप में देखा जा सकता है।

570. कौन सा वन्यजीव अभ्यरण्य काले हिरण और कुरजा के लिए प्रसिद्ध है?

(a) सज्जनगढ़ (b) गजनेर
(c) सरिस्का (d) तालछापर

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022
RPSC Van Rakshak Exam 13.11.2020
Live Stock Asst. (Non-TSP Area) 21.08.2016
कर सहायक भर्ती परीक्षा 2018
कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक रेफ्रिजरेशन) 2018